an>

Title: Need to strictly adhere to the provisions of the Constitution for providing reservation to the SCs/STs/OBCs in various parts of the Country.

श्री हंसराज गं. अहीर : इस विषय में महाराष्ट्र में जो ओ.बी.सी. सम्बन्धित जातियों पर अन्याय हो रहा है, मैं उस ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। संविधान में जो जातिगत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है, उसमें महाराष्ट्र में ओ.बी.सी. सम्बन्धित जातियों को 19 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है, लेकिन मेरे क्षेत्र में जो चन्द्रपुर और गढ़चिरौली जिले आते हैं, इन दो जिलों में पिछले कुछ वर्षों में आरक्षण में कटौती करके 19 प्रतिशत के बजाय 11 और छः प्रतिशत आरक्षण किया गया है, जिसमें ओ.बी.सी. सम्बन्धित जातियों में भारी असंतोष और रोष है। इन दोनों जिलों में नक्सलाइट मूवमेंट बड़े पैमाने पर चल रहा है, उसे देखते हुए मैं आपके माध्यम से जो राज्य सरकार ने आरक्षण में कटौती की है, आरक्षण घटाया बढ़ाया गया है, यह राज्य सरकार का अधिकार नहीं होता है, इसके बावजूद भी राज्य सरकार के ऐसा करने से मैं केन्द्र से विनती करता हूं कि वह इसमें हस्तक्षेप करे और ओ.बी.सी. से सम्बन्धित जो जातियां हैं, उन पर हो रहे अन्याय को दूर करने के लिए मैं आपसे विनती करता हूं।

अध्यक्ष महोदय : योगी आदित्यनाथ।

â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : अगर आप चुप बैठेंगे तो मौका मिलेगा।